प्रेषक,

ऋषिकेश दुबे,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,
उ0प्र0 लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 **लखनऊ : दिनांक 05 जनवरी , 2015**

विषय- किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के क्लीनिकल हिमैटोलॉजी विभाग के लिए सृजित पदों की वर्ष 2014-15 तक की निरन्तरता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपयुर्क्त विषयक आपके पत्र संख्या-19827/योजना एवं क्रय/2014, दिनांक 30.10.2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के क्लीनिकल हिमैटोलॉजी विभाग हेतु शासनादेश संख्या-2930/71-3-10-सी0एम0यू0-55/2009 दिनांक 04, नवम्बर, 2010 द्वारा सृजित विभिन्न श्रेणी के अस्थायी 21 पदों तथा विभिन्न श्रेणी के कुल 10 कार्मिकों (जिनकी सेवाएं कार्यदायी संस्था के माध्यम संविदा के आधार पर) की अन्तिम बार निरन्तरता शासनादेश संख्या-1096/71-2-13- सी0एम0यू0-55/2009 दिनांक 10 जून, 2013 द्वारा वर्ष 2013-14 में दिनांक 28-2-2014 तक प्रदान की गयी थी, के क्रम में उक्त पदों की निरन्तरता वर्ष 2014-15 (दिनांक 28-2-2015) तक प्रदान किये जाने की सहर्ष स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान करते है कि उक्त पदों को इससे पूर्व ही बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिया जाये।

2- उक्त पदों पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-31 के लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोकस्वास्थ्य-आयोजनागत-05-चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-03-शिक्षा-0366-किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश-31-सहायता अनुदान सामान्य (वेतन)" के नाम डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(ऋषिकेश दुबे)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-2/2015/4061/71-2-2015-तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. कोषाधिकारी, लखनऊ।
3. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4. वित्त अधिकारी, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ।
5. विभागाध्यक्ष, क्लीनिकल हिमैटोलॉजी विभाग, के0जी0एम0यू0 लखनऊ।
6. वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-3/नियोजन अनुभाग-4/वित्त (बजट) अनुभाग-1/2
7. स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
8. गार्डफाइल।

आज्ञा से,

(ऋषिकेश दुबे)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।